स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार

नोवल  कोरोना वायरस

(COVID-19)

कोरोना एक तरह का संक्रामक वायरस है, जिसका संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के जरिये फैलता है।

कोरोना वायरस कैसे फैलता है ?

मानव कोरोना वायरस आमतौर पर एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है–

- खांसने तथा छींकने से।
- नजदीकी व्यक्तिगत संपर्क यथा: छूना या हाथ मिलाना।
- किसी संक्रमित वस्तु या सतह को छूना फिर बिना हाथ धोएं अपने नाक, मुंह या आँखों को छूना।

कोरोना वायरस के लक्षण

- बुखार
- खाँसी
- साँस लेने में तकलीफ
- सिर दर्द
- छींक

कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु क्या करें – क्या ना करें

क्या करें

- खांसते और छींकते समय अपने मुंह को रूमाल / टिश्यू पेपर अथवा मुड़े हुए कोहनी से ढकें।
- अच्छी तरीके से नियमित अंतराल पर अल्कोहल युक्त सेनेटाईजर अथवा साबुन से बहते पानी से हाथों को रगड़कर साफ करें।
- यदि आपमें कोरोना वायरस के लक्षण दिखें तो 14 दिनों तक लोगों के सम्पर्क में नहीं आयें तथा भीड–भाड़ वाली जगह से दूर रहें तथा लोगों से कम–से–कम 1 मीटर की दूरी बनाकर रखें।
- उपयोग के पश्चात् टि्श्यू पेपर को बन्द कूड़ेदान में ही फेंके एवं बाद में इसे जला दें अथवा गहरे गड्ढे में डालकर मिट्टी से ढक दें।
- यदि आपमें कोरोना वायरस के लक्षण है, तो मास्क का उपयोग करें एवं अविलम्ब स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें।
- नियमित रूप से साफ–सफाई का ध्यान रखें।

क्या न करें

- संक्रमित व्यक्ति अपने मुँह, नाक एवं आँख को छूने के बाद, जब तक हाथों को साफ नहीं करते है तब तक किसी सामान को नही छूऐं।
- अनावश्यक हाथ नहीं मिलायें और विशेषकर मेटल युक्त सामग्रियों को बेवजह छूने से परहेज करें।
- संक्रमित व्यक्ति इस्तेमाल किये गये टिश्यू पेपर एवं मास्क को इधर–उधर ना फेंके।
- सार्वजनिक स्थलों पर बिल्कुल हीं नहीं थूकें।

आमजन से अपील

दिनांक: 18.02.2020 के बाद से यदि आप किसी भी देश की यात्रा कर बिहार लौटे है तो टॉल फ्री नं. 104 पर कॉल कर अपना पूर्ण व्यक्तिगत विवरणी के साथ पंजीकरण अवश्य करायें, ताकि आपको चिन्हित कर आवश्यक जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जा सके।

विस्तृत जानकारी हेतु 24X7 **Toll Free No.: 104**

आपकी सुरक्षा हमारा मकसद

- SHSBihar
- BiharHealthDepartment

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना– 800 014

Website www.statehealthsocietybihar.org
Twitter @BiharHealthDepartment

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार